राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी, धोरीमन्ना (जिला बाड़मेर) राजस्थान

पीठासीन अधिकारी :– श्री लाखाराम, आर.ए.एस.
आवेदन संख्या :– 207 / 2022

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. नेमपुरी पुत्र नानकपुरी<br>2. चतरू पत्नी गोविन्दपुरी<br>3. चनणी पत्नी ओमपुरी<br>4. छेलपुरी पुत्र नानकपुरी<br>5. जीवापुरी पुत्र भीखपुरी<br>6. तारपुरी पुत्र ओमपुरी<br>7. धनपुरी पुत्र ओमपुरी<br>8. नारायणपुरी पुत्र गोविन्दपुरी<br>9. पुरखपुरी पुत्र गोविन्दपुरी<br>10. पांची पत्नी नानकपुरी<br>11. पोकरपुरी पुत्र नानकपुरी<br>12. मोटपुरी पुत्र पूनमपुरी<br>13. मोहबतपुरी पुत्र भीखपुरी<br>जाति स्वामी निवासी बूठ जैतमाल तहसील धोरीमन्ना | | 1. रूपाराम पुत्र जोगाराम जाति भील निवासी मांगता<br>2. भाखरसिंह पुत्र सुलतानसिंह<br>3. कोशलसिंह पुत्र जीवराजसिंह<br>4. विजयसिंह पुत्र जगमालसिंह<br>5. जुगतसिंह पुत्र सांगसिंह<br>6. पदमसिंह पुत्र रायसिंह<br>जाति राजपूत निवासी बूठ जैतमाल तहसील धोरीमन्ना<br>7. तहसीलदार तहसील धोरीमन्ना जिला बाड़मेर |

**राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम वास्ते नेखमबन्दी**

तारीख रजू :– 22/11/22

अधिवक्तागण :– 1. श्री रिड़मलराम चौधरी, अधिवक्ता प्रार्थीगण

**– : : निर्णय : : –**

दिनांक :– 27/10/23

प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री रिड़मलराम चौधरी द्वारा एक राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण के खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 311 रकबा 72.12 बीघा किस्म बा.सोयम मौजा बूठ जैतमाल पटवार मण्डल बूठ जैतमाल तहसील धोरीमन्ना जिला बाड़मेर में अवस्थित है, जिस पर प्रार्थीगण का कब्जाकाश्त लगातार निर्बाध रूप से चला आ रहा है। नकल जमाबन्दी व नक्शा साथ पेश है। प्रार्थीगण की उपरेक्त भूमि के सेढ़ा–सेढ़ ही विप्रार्थीगण की भूमि आई हुई है। प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के बीच में किसी प्रकार का कोई पक्का सीमा चिह्न नहीं होने के कारण प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के मध्य काश्त एवं प्राकृतिक पैदावार सम्बन्धी खेतों के सेढ़ों के लेकर पास में तनाजा एवं विवाद बना रहता है। काश्त के समय विप्रार्थीगण प्रार्थीगण की उपरोक्त खातेदारी की भूमि में हस्तक्षेप कर प्रार्थीगण की

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.11.06 13:43:09 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना (बाड़मेर) 27/10/23

भूमि पर जबरन काश्त कर लेते है तथा काश्त के समय लड़ाई फंसाद होने की आशंका रहती है तथा प्रार्थीगण अपनी भूमि का सही समय पर उपयोग नही कर पा रहे है, इसलिए प्रार्थीगण हमेशा के लिए भूमि के सेढ़ों के विवाद से बचने के लिए अपनी उपरोक्त भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थीगण ने अपनी उपरोक्त भूमि का सीमाज्ञान दिनांक 17.04.2022 को करवाया गया था परन्तु मौके पर विवाद होने के कारण सीमाज्ञान को विप्रार्थीगण नही मान रहें है, जिस पर तहसीलदार धोरीमन्ना ने श्रीमान् के समक्ष नेखमबन्दी का आवेदन प्रस्तुत करने का सुझाव दिया, जिस पर नेखमबन्दी का यह आवेदन श्रीमान् के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थीगण नेखमबन्दी सम्बन्धी मौके पर नेखम सामग्री उपलब्ध एवं नेखमबन्दी सम्बन्धी फीस अदा करने को तैयार है। विवादित खेत मौजा बूठ जैतमाल पटवार मण्डल बूठ जैतमाल तहसील धोरीमन्ना जिला बाड़मेर में स्थित होने के कारण यह नेखमबन्दी का आवेदन श्रीमान् के न्यायालय के क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार का है। राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 का होने के कारण इस पर मुकरर न्याय शुल्क मुद्रांक 2/– के साथ पेश है।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं विप्रार्थीगण 01 से 07 को जरिये रजिस्ट्रेड डाक से नोटिस भिजवाए गए, भिजवाऐ गये नोटिसों की डाक रसीदें प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा पेश की, विप्रार्थीगण को नोटिस भेजे गए एक माह से ज्यादा समय होने के कारण दिनांक 05.09.2023 को विप्रार्थीगण के हाजा न्यायालय में अनुपस्थित रहने के कारण इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई के आदेश दिए गए।

हमने अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस को विस्तारपूर्वक सुना तथा प्रार्थना पत्र तथा पत्रावली के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजात का भली–भांति अध्ययन एवं अवलोकन किया। अध्ययन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण विवादित आराजी खसरा संख्या 311 रकबा 72.12 बीघा किस्म बारानी सोयम की खातेदार दर्ज राजस्व रेकर्ड है। पत्रावली के अध्ययन से स्पष्ट है कि दिनांक 17.04.2022 को पटवारी हल्का द्वारा खसरा संख्या 311 के सीमाज्ञान हेतु प्रयास किय गया, लेकिन पड़ौसी खातेदारान द्वारा सीमाज्ञान की कार्रवाई के दौरान सीमाज्ञान करने से मना कर दिया गया, प्रार्थीगण द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र में कथन किया गया है कि प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के खेत आसपास स्थित है तथा खेतों के बीच किसी प्रकार के सीमा चिह्न/पक्की माठें नहीं होने के कारण सीमा सम्बन्धी विवाद होते रहते है। उपर्युक्त विवेचन के आलोक से हमारा यह विनम्र अभिमत है कि विवादित आराजी खसरा संख्या 311 रकबा 72.12 बीघा किस्म बारानी सोयम की हद तक हस्तगत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करना हम उचित एवं विधिसंगत समझते हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.11.06 13:43:09 IST
Reason: Self Attested

**–::आदेश::–**

**अतः उपर्युक्त निष्कर्ष के आलोक में प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 प्रमाणित होने एवं सारवान होने से स्वीकार किया जाता है।** तहसीलदार धोरीमन्ना को निर्देश दिये जाते हैं कि **वह प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी राजस्व ग्राम बूठ जैतमाल पटवार मण्डल बूठ**

27/10/23
उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना (बाड़मेर)

जैतमाल तहसील धोरीमन्ना में जमाबन्दी संवत् 2073–2076 के खाता संख्या 26 के खसरा संख्या 311 रकबा 72.12 बीघा किस्म बारानी सोयम का राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 111 में वर्णित विहीत प्रकिया का अनुपालन करते हुए सीमाज्ञान कर सीमा विवाद का निस्तारण करें, प्रार्थीगण के हर्जे–खर्चे से उसके खसरा संख्या 311 रकबा 72.12 बीघा किस्म बारानी सोयम के पड़ौसी खातेदारों की आराजी के मध्य सीमा–विभाजक रोपित करावें। उभयपक्षकारान को पाबंद किया जाता है कि वक्त कार्यवाही मौके पर उपस्थित रहें। तहसीलदार धोरीमन्ना को पालनार्थ तहरीर जारी हो। पत्रावली इसी कदर निर्णित होकर संख्या से कम होते हुए दाखिल दफ्तर हो।

27/10/23

(लाखाराम) RAS
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू–अभिलेख अधिकारी,
धोरीमन्ना

निर्णय आज दिनांक 27/10/23 को सरे ईजलास सुनाया गया।

27/10/23

(लाखाराम) RAS
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू–अभिलेख अधिकारी,
धोरीमन्ना

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.11.06 13:43:09 IST
Reason: SelfAttested